वर्ष- 02 अंक- 33

छपरा

7 दिसंबर, शनिवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

# किसानों को रोकने पर राहुल गांधी ने सरकार को घेरा, कहा- उन पर आंसू गैस के गोले दागना निंदनीय



**नई दिल्ली,एजेंसी।** अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोके जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने कहा कि उनपर आंसू गैस के गोले दागना और उनको निंदनीय है।

किसान सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखने और अपनी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए दिल्ली आना चाहते हैं। उनपर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें तरह-तरह से रोकने का प्रयास करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि किसान सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखने और अपनी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए दिल्ली आना चाहते हैं। उन पर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें तरह-तरह से रोकने का प्रयास करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए।

उन्होंने लिखा कि अन्नदाताओं की तकलीफ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज देश में हर घंटे एक किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। मोदी सरकार की घोर असंवेदनशीलता के कारण पहले किसान आंदोलन में 700 से अधिक किसानों की शहादत को भी देश नहीं भूला है। हम किसानों की पीड़ा को समझते हैं और उनकी मांगों का समर्थन करते हैं। एमएसपी की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन आयोग की सिफ़ारिशों के अनुसार खेती की व्यापक लागत का 1.5 गुना एमएसपी, कर्ज माफी समेत तमाम मांगों पर सरकार को तुरंत अमल करना चाहिए। अंत में उन्होंने लिखा कि जब अन्नदाता खुशहाल होंगे तभी देश खुशहाल होगा।

### राहुल की नागरिकता केस, हाईकोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा

## सुब्रमण्यम स्वामी की अर्जी में कांग्रेस नेता की सिटीजनशिप रद्द करने की मांग, 13 जनवरी को सुनवाई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग वाली अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका पर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार का रुख पूछा है। यह याचिका भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने दायर की है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस विभु बाखरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने सरकार के वकील से जवाब मिलने तक आगे के निर्देशों को स्थगित कर दिया है।

अदालत ने स्वामी की याचिका पर औपचारिक नोटिस जारी नहीं किया। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए प्रॉक्सी वकील ने कोर्ट को सूचित किया कि मामले पर केंद्र सरकार की तरफ से पेश होने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया है। नए वकील को मामला समझने के लिए समय चाहिए। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 जनवरी 2025 को तय कर दी।

पिछली सुनवाई पर 6 नवंबर को हाईकोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल करने वाले विग्नेश शिशिर को दो हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। दरअसल, शिशिर ने दावा किया है कि राहुल के पास 'लाल रंग' का पासपोर्ट है, जिस पर ब्रिटिश सरकार की मुहर लगी है। भारत में नागरिकता कानून के तहत कोई भी व्यक्ति दोहरी नागरिकता नहीं ले सकता है। शिशिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए लखनऊ बेंच ने गृह मंत्रालय से 19 दिसंबर तक बताने को कहा है कि क्या राहुल गांधी के पास दो देशों की नागरिकता है?

दिल्ली हाईकोर्ट में बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने राहुल की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग की है। पिछली सुनवाई के दौरान सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि मैंने कई लेटर लिखे हैं। तब कोर्ट ने कहा कि लखनऊ हाईकोर्ट में दायर कार्यवाही के बारे में क्या जानकारी है? सुब्रमण्यम स्वामी ने जवाब दिया कि इसका हमसे कोई लेना-देना नहीं है।

### पीएम मोदी ने किया अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन

## मोदी बोले-पहले की सरकारों ने नॉर्थ-ईस्ट को वोटों से तौला



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लंबे समय तक पूर्वोत्तर क्षेत्र को वोटों की संख्या से तौला गया, लेकिन जब से केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनी है, तब से उन्होंने दिल्ली और दिल से दूरी के भाव को कम करने का भरसक प्रयास किया है।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली आज पूर्वोत्तर मय हो गई है। पूर्वोत्तर के विविध रंग राष्ट्रीय राजधानी में एक सुंदर इंद्रधनुष बना रहे हैं। पहले अष्टलक्ष्मी महोत्सव में तीन दिन तक पूर्वोत्तर का सामर्थ्य पूरा देश और विश्व देखेगा। यहां व्यापार-कारोबार से जुड़े समझौते होंगे। पूर्वोत्तर के उत्पादों से दुनिया परिचित होगी। यह पहला और अनोखा आयोजन है। इसमें बड़े स्तर पर पूर्वोत्तर में निवेश के द्वार खुल रहे हैं। यह पूर्वोत्तर के साथ ही दुनिया भर के निवेशकों के लिए बेहतरीन अवसर है। मैं अष्टलक्ष्मी महोत्सव के आयोजकों को, पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के निवासियों को और यहां आए सभी निवेशकों और अतिथियों को बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर के आठ राज्यों, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में अष्टलक्ष्मी के दर्शन होते हैं और साथ ही विश्वास जताया कि आने वाला समय पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर का होगा। उन्होंने कहा, ''लंबे समय तक हमने देखा है कि विकास को कैसे वोटों की संख्या से तोला गया। नॉर्थईस्ट के पास वोट कम थे, सीटें कम थीं, इसलिए पहले की सरकारों द्वारा वहां के विकास पर ध्यान नहीं दिया गया।'' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए अलग मंत्रालय गठित किए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''बीते दशक में हमने भरसक प्रयास किया कि दिल्ली और दिल, इससे दूरी का जो भाव है, वो कम होना चाहिए।''

उन्होंने अष्टलक्ष्मी महोत्सव के आयोजन को पूर्वोत्तर क्षेत्र के बेहतर भविष्य का उत्सव करार देते हुए कहा कि यह विकास के नूतन सूर्योदय का भी उत्सव है, जो 'विकसित भारत' के मिशन को गति देने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 100-200 साल के कालखंड को देखा जाए, तो सभी ने पश्चिम की दुनिया का एक उभार देखा और आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक हर स्तर पर दुनिया में पश्चिम क्षेत्र की छाप रही। उन्होंने कहा, ''संयोग से भारत में भी हमने देखा कि पश्चिम के क्षेत्र ने भारत के विकास की कहानी में बड़ी भूमिका निभाई है। इस पश्चिम केंद्रित कालखंड के बाद अब कहा जाता है 21वीं सदी पूर्व की है। एशिया की है। भारत की है। मेरा यह दृढ़ विश्वास है भारत में भी आने वाला समय पूर्वी भारत का है। हमारे पूर्वोत्तर का है।'' मोदी ने कहा कि बीते दशकों में मुंबई, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों को उभरते देखा गया, लेकिन आने वाले दशकों में गुवाहाटी, अगरतला, इंफाल, ईटानगर, गंगटोक, कोहिमा, शिलांग और आइजोल जैसे शहरों का नया उभार देखने को मिलेगा।

## इंडिया ब्लॉक के काम से खुश नहीं ममता बनर्जी, कहा- मौका मिला तो संभालूंगी गठबंधन की कमान

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और विपक्षी गठबंधन इंडिया की प्रमुख नेता ममता बनर्जी ने शुक्रवार को बड़ा दावा किया।



उन्होंने कहा कि वे इंडिया ब्लॉक के काम से खुश नहीं हैं। अगर मौका मिला तो वह गठबंधन की कमान संभाल सकती हैं। उन्होंने कहा कि मैं बंगाल की सीएम के साथ ही विपक्षी गठबंधन चलाने की जिम्मेदारी उठा सकती हूं।

एक कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था। अब इसका प्रबंधन गठबंधन का नेतृत्व करने वालों पर निर्भर है। अगर वे इसे नहीं चला सकते तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। अगर मुझे मौका मिला तो मैं इसका सुचारू संचालन सुनिश्चित करूंगी। मैं बंगाल से बाहर नहीं जाना चाहती, लेकिन मैं इसे यहीं से चला सकती हूं। भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन इंडिया दो दर्जन से अधिक विपक्षी दल शामिल हैं।

## समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए राज्यों को कोई दिशा-निर्देश नहीं जारी किए गए, केंद्र ने दी जानकारी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इस बात को खारिज कर दिया कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए केंद्र की तरफ से राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कई राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से जारी दिशा-निर्देशों के बारे में लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भारत सरकार की तरफ से राज्य सरकारों को कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

**सिर्फ एक क्षेत्र में नहीं पहुंचा नागरिक कानून- अर्जुन राम मेघवाल :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर ने संविधान सभा में प्रासंगिक प्रावधान पेश करते हुए देश में समान नागरिक संहिता पर जोर दिया था। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अंबेडकर को उद्धृत करते हुए कहा, अब तक एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां नागरिक कानून नहीं पहुंच सके हैं, वह है विवाह और उत्तराधिकार, इसलिए, संविधान के एक भाग के रूप में मसौदा अनुच्छेद 35 (अब अनुच्छेद 44) दिया गया है।

**उत्तराखंड ने हाल ही में लागू किया समान नागरिक संहिता:** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक संहिता के संबंध में कई निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत अनुच्छेद 44 का हवाला देते हुए कहा था कि संविधान की भावना भी ऐसी समान संहिता को बढ़ावा देती है। उत्तराखंड ने हाल ही में अपना समान नागरिक संहिता लागू किया है।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री मधुकर पिचड का निधन, 84 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस



**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे मधुकर पिचड का शुक्रवार को नासिक के एक अस्पताल में बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्होंने 84 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। एनसीपी नेता और उनके साथी रहे छगन भुजबल ने बताया कि पिचड को पिछले महीने ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें संक्रमण हो गया और पांच-छह दिन पहले उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया था। पूर्व मंत्री मधुकर पिचड 1980 से 2009 तक अहिल्यानगर जिले के अकोले विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आदिवासी समुदाय के एक प्रमुख नेता थे। वे कई सरकारों में मंत्री रहे। शिवसेना भाजपा गठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद वह विधानसभा में विपक्ष के नेता बने। 1999 में उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और शरद पवार की एनसीपी में शामिल हो गए। उन्होंने विलासराव देशमुख के नेतृत्व वाली सरकार में आदिवासी विकास मंत्री के रूप में भी कार्य किया। 2019 में वह और उनके बेटे, पूर्व विधायक वैभव पिचाड भाजपा में शामिल हो गए थे। बताया जाता है कि पिचड राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने 1961 में अमृतसागर मिल्क को-ऑपरेटिव अकोले की स्थापना की। वे अगस्ती सहकारी चीनी कारखाने के संस्थापक अध्यक्ष थे, जो 1993 में स्थापित भारत का पहला सहकारी चीनी कारखाना है।

## डिप्टी सीएम अजित पवार को बड़ी राहत, बेनामी संपत्ति मामले में जब्त संपत्तियां की गईं मुक्त

**नई दिल्ली,एजेंसी।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार को शपथ लेने के अगले दिन ही बेनामी संपत्ति ट्रिब्यूनल से बड़ी राहत मिली है। 2021 में बेनामी संपत्ति मामले में जब्त की गईं अजित पवार की संपत्तियों को मुक्त कर दिया गया है। दिल्ली में बेनामी संपत्ति लेनदेन रोकथाम अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश के बाद आयकर विभाग ने यह कार्रवाई की। न्यायाधिकरण ने अजित और उनके परिवार के खिलाफ बेनामी संपत्ति के स्वामित्व के आरोपों को खारिज कर दिया था।

सात अक्तूबर 2021 को अजित पवार के 70 से ज्यादा ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की थी। केंद्रीय एजेंसी ने छापेमारी के बाद एक हजार करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की थी। इस संपत्ति का कोई हिसाब नहीं था। इसके बाद विभाग ने संपत्ति जब्त की थी। इस मामले में दिल्ली में बेनामी संपत्ति लेनदेन रोकथाम अपीलीय न्यायाधिकरण में सुनवाई की गई।

## संसद में सिंघवी की सीट से 50 हजार कैश मिला

### सभापति धनखड़ ने बताया तो खड़गे बोले- नाम लेना ठीक नहीं; भाजपा बोली- जांच हो

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राज्यसभा में 500 रुपए का बंडल (50 हजार रुपए) मिलने पर शुक्रवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से नोटों की गड्डी मिली थी। भाजपा ने जांच की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जांच से पहले किसी का नाम लेना ठीक नहीं है। धनखड़ ने कहा कि, कल (गुरुवार) सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने हमें जानकारी दी कि सीट नंबर 222 से कैश मिला है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गई है। इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और यह हो भी रही है। धनखड़ के बयान पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं होती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं लिया जाना चाहिए। ऐसा चिल्लर काम करके ही देश को बदनाम किया जा रहा है।



## मणिपुर में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़, एक घंटे तक कई राउंड हुई फायरिंग



**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच गुरुवार रात को मुठभेड़ हुई। इस दौरान करीब एक घंटे तक कई राउंड फायरिंग हुई। हालांकि फायरिंग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बताया जाता है कि उग्रवादियों ने शांतिखोंगबल, यिंगांगपोकपी उयोक चिंग और थम्नापोकपी उयोक चिंग गांवों में गोलीबारी की। पुलिस ने बताया कि उनको भगाने के लिए सुरक्षा बलों ने हवा में कुछ राउंड गोलियां चलाईं। मणिपुर में बीते साल मई से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुई हैं। हिंसा राज्य में लगातार जारी है, लेकिन इस माह की शुरुआत में जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद से बवाल बढ़ गया।

## लखनऊ से दिल्ली जा रही बस पलटी, 8 की मौत

### कन्नौज में आगरा एक्सप्रेस-वे पर टैंकर से टकराई, कई यात्री डबल डेकर के नीचे दबे; 38 घायल



**कन्नौज,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में शुक्रवार दोपहर डबल डेकर बस आगरा एक्सप्रेस-वे पर खड़े वाटर टैंकर से टकराकर पलट गई। हादसे में 8 लोगों की मौके पर मौत हो गई। मरने वालों में लखनऊ के पति-पत्नी भी हैं। लगभग 38 यात्री घायल हुए।

हादसे के बाद कई सवारियां बस के नीचे दब गईं। बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। हादसा सकरावा और सौरिख थाने के बीच माइल स्टोन-141 के पास हुआ। हादसे के बाद तेज धमाके की आवाज आई। एक साइड से पूरी बस खत्म हो गई। तेज झटके के साथ लोग सड़क पर गिर गए। जब बस पलटी तो लोग उसके नीचे दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर भी कई मीटर घिसटने के बाद पलट गया। जब ये हादसा हुआ तब, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला एक्सप्रेस-वे से गुजर रहा था। हादसा देखकर वो मौके पर रुक गए। पुलिसकर्मियों को जल्द घायलों को अस्पताल पहुंचाने को कहा। हादसे के घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अखिलेश यादव ने हादसे पर कहा- भाजपा सरकार पिछली सरकार में बनी सड़कों के प्रति बैर भाव रखती है। जिसका खामियाजा जनता को अपनी जान देकर चुकाना पड़ता है।

### भारत-बांग्लादेश के बीच बढ़ा तनाव!

## अंतरिम सरकार ने कोलकाता स्थित उप उच्चायुक्त को बुलाया ढाका

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बांग्लादेश ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर भारत में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच कोलकाता में तैनात अपने कार्यवाहक उप उच्चायुक्त सिकदर मोहम्मद अशरफुर रहमान को परामर्श के लिए तत्काल ढाका बुलाया है। रहमान बांग्लादेश के राजनीतिक मामलों के मंत्री भी हैं और वह राजधानी ढाका लौट गए हैं। कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, कोलकाता में हमारे कार्यालय के बाहर जारी विरोध प्रदर्शनों के बाद अशरफुर रहमान को बातचीत के लिए बुलाया गया है। इसके अलावा, वह अगले सप्ताह दोनों देशों के बीच होने वाली विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। वह इस महीने के मध्य तक वापस आ जाएंगे। राजनीतिक दलों और धार्मिक समूहों ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अत्याचारों की निंदा करते हुए कोलकाता स्थित उप उच्चायोग के सामने पिछले सप्ताह कई विरोध प्रदर्शन किए।



**अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग की सेवाएं बंद :** संबंधित घटनाक्रम के तहत त्रिपुरा की राजधानी अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने सुरक्षा कारणों से अपनी सभी सेवाएं अगले आदेश तक स्थगित कर दी हैं। बांग्लादेश ने यह घोषणा वहां हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे लोगों के एक समूह के अगरतला स्थित सहायक उच्चायोग में सोमवार को जबरन घुसने की कथित घटना के बाद की। बढ़ते तनाव के बीच, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अगरतला स्थित सहायक उच्चायोग में हुई तोड़फोड़ को लेकर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए ढाका में भारत के उच्चायुक्त को तलब किया था।

## गुजरात के सूरत में 14 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

### 70 हजार में डिग्री देने वाले गिरोह का भंडाफोड़; 8वीं पास भी इलाज कर रहा था

**सूरत,एजेंसी।** गुजरात पुलिस ने सूरत से डॉक्टरी की फर्जी डिग्री देने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह पिछले 32 साल से कम पढ़े-लिखे बेरोजगारों को 70 हजार में फर्जी डिग्रियां देने का काम कर रहा था। रजिस्ट्रेशन रिन्यू करवाने के लिए 5 हजार रुपए फीस भी लेता था।

इनमें से एक तो आठवीं पास है। वहीं एक फर्जी डॉक्टर शमीम अंसारी भी शामिल है, जिसके गलत इलाज की वजह से कुछ दिन पहले एक बच्ची की मौत हो गई थी। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के 2 मुख्य आरोपी डॉ. रमेश गुजराती और बीके रावत के पास से पुलिस को सैकड़ों एप्लिकेशन और सर्टिफिकेट मिले हैं। यह गिरोह अब तक 1200 लोगों को फर्जी डॉक्टरी सर्टिफिकेट दे चुका था।



पुलिस ने खबर मिलने पर पांडेसरा में 3 क्लिनिक पर छापा मारा। जहां इनके पास से बैचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी के सर्टिफिकेट मिले, जिन्हें सूरत के ही 2 डॉक्टरों ने जारी किया था।

इनकी जांच करने पर पता चला कि जो सर्टिफिकेट इन्हें दिया गया था, वह गुजरात सरकार से मान्यता प्राप्त नहीं है। पुलिस के साथ छापा मारने गई टीम ने भी कहा कि डिग्री फर्जी है।

मुख्य आरोपी ने 1990 में की थी इलेक्ट्रो होम्योपैथी की पढ़ाई पकड़े गए आरोपी डॉ. रमेश गुजराती ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने 1990 के दशक में ?क्वारस् की पढ़ाई की थी। वह कई ट्रस्ट में वक्ता के तौर पर काम करता रहा, लेकिन जब इससे ज्यादा मुनाफा नहीं हुआ तो उसने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कदम रखा। उसने यह गिरोह इसलिए शुरू किया क्योंकि भारत सरकार या राज्य सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए कोई नियम लागू नहीं किए हैं।

# सोनपुर मेला में दिखेगा शास्त्रीय नृत्य का अद्भुत नजारा

## मुख्य मंच पर शनिवार शाम 7 बजे शास्त्रीय नृत्य के समृद्ध सांस्कृतिक रूप को प्रस्तुत करेंगी अतिशा

- सारण सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री रुडी की छोटी पुत्री है अतिशा प्रताप सिंह
- साढ़े तीन साल की उम्र में पूर्व राष्ट्रपति कलाम की कविताओं पर दी थी पहली प्रस्तुति
- पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित युगल गुरू राजा राधा रेड्डी की शिष्या है अतिशा
- लंदन, फ्रांस और सिंगापुर समेत देश-विदेश में मंचों पर हुआ है कुचिपुड़ी की प्रस्तुति
- कुशल खिलाड़ी भी है अतिशा, अंतरराष्ट्रीय भारतीय महिला जूनियर फुटबॉल टीम की रही है सदस्य


फाइल फोटो

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर/छपरा।** पौराणिक आख्यानों में वर्णित विश्वविख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला शास्त्रीय नृत्य व संगीत की ओजस्वी प्रस्तुतियों से गुंजायमान होगा। पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित युगल गुरु राजा राधा रेड्डी की शिष्या और पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण के सांसद राजीव प्रताप रुडी की छोटी बेटी अतिशा प्रताप सिंह मनमोहक कुचिपुड़ी नृत्य प्रस्तुत करेंगी। यह आयोजन 07 दिसम्बर शनिवार को 07 बजे सोनपुर मेला के मुख्य मंच पर होगा। भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए विश्व विख्यात है। भारत में कई शास्त्रीय नृत्य प्रचलित है जिनमें कुचिपुड़ी का महत्वपूर्ण स्थान है। अपनी जटिल और विशिष्ट भाव-भंगिमाओं के लिए यह नृत्य प्रसिद्ध है जिसमें एक विषय विशेष को नृत्य कला के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले के मुख्य मंच पर शनिवार को अतिशा प्रताप सिंह की कुचिपुड़ी नृत्य की विशेष प्रस्तुति होगी।

अतिशा ने बाल्यकाल से ही कला के प्रति अपनी समर्पण प्रदर्शित की जिसके कारण पिता ने 3 साल की उम्र में ही उसे महान कुचिपुड़ी नृत्य के गुरु राजा राधा रेड्डी के सानिध्य में नृत्य कला को निखारने के लिए भेजा। यही कारण है कि नृत्यकला की तमाम बारीकियों को शिद्दत से आत्मसात करते हुए आज देश की गिनी चुनी कुचिपुड़ी नृत्यांगना में अपना शामिल है। अतिशा ने अभी तक भारत और विदेशों में बड़े मंचों पर प्रस्तुति दी है जिसमें प्रमुख रूप से लंदन फैशन वीक का उद्घाटन और समापन समारोह, साइट डी म्यूजिक फिलहारमोनी पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय शो ''नमस्ते फ्रांस'' में, नेपाल में आये भीषण भूकंप के पीड़ितों के लिए सिंगापुर में चैरिटी कार्यक्रम, दिल्ली में भारतीय युवा महोत्सव, जी टीवी महिला पुरस्कार, एयर इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में और पूर्व लोकसभाध्यक्षा सुमित्रा महाजन द्वारा आयोजित स्नेह ''मिलन कार्यक्रम'' में अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों के मन पर अमिट छाप छोड़ी है।सोनपुर मेला के मुख्य मंच से अपनी प्रस्तुति देने वाली अतिशा का बिहार में यह पहली प्रस्तुति होगी। इन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र में पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम की लिखी कविताओं पर अपनी पहली प्रस्तुति दी थी। इसके बाद ''रंगप्रवेशम'' में प्रदर्शन के साथ ही इन्होंने देश भर में और विदेशों में प्रतिष्ठित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी है। अतिशा न केवल एक प्रशिक्षित कुचिपुड़ी नृत्यांगना हैं, बल्कि एक कुशल खिलाड़ी भी हैं। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला जूनियर फुटबॉल टीम में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है।

### सोनपुर मेला के मुख्य मंच पर नृत्यांगना आद्या सिंह ने कथक नृत्य से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की शाम हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में पर्यटन विभाग के मुख्य मंच से शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना आद्या सिंह के कथक नृत्य शिव वंदना पर आधारित भाव पूर्ण प्रस्तुति से हुई। उसके बाद नृत्यांगना आद्या सिंह ने कथक नृत्य के विभिन्न भावों को प्रदर्शित कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। अपने कार्यक्रम के दौरान नृत्यांगना ने आमद,उठान,तोड़ा आदि की भी सधे हुए कदमों एवं घुंघरुओं की झंकार के साथ प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नृत्यांगना आद्या सिंह ने बताया कि उन्होंने कथक नृत्य का प्रशिक्षण पटना के भारतीय नृत्य कला मंदिर में गुरु पार्थ मंडल से लिया है। पटना के डीपीएस से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के साथ भरतखंडे संगीत विश्वविद्यालय से कथक नृत्य में उपाधि प्राप्त की है।उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वे बिहार एवं अन्य प्रदेशों में अपने कथक नृत्य की प्रस्तुति दे चुकी है।

# सिताब दियारा में शनिवार एवं रविवार 7 व 8 दिसंबर को आयोजित होगा भोजपुरी समागम 2024

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली और गंगा-सरयू के संगम की पुण्यस्थली सिताब दियारा में शनिवार एवं रविवार 7 व 8 दिसंबर को भोजपुरी भाषा, संस्कृति और भोजपुरिया समाज के उत्थान के निमित भोजपुरी समागम 2024 आयोजित है। यह दो दिवसीय समागम सिताब दियारा लाला टोला स्थित जेपी फाउंडेशन राष्ट्रीय स्मारक परिसर में आहुत है। इसमें बिहार-झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित नेपाल, बंगाल, असाम, मेरठ व कर्नाटक सहित देश के विभिन्न प्रदेशों के साहित्यकार, बुद्धिजीवी, कवि, कलाकार व किसान शिरकत करने वाले हैं। आयोजन समिति के मुख्य संयोजक प्रो.पृथ्वी राज सिंह ने बताया कि उद्घाटन शनिवार के पूर्वाह्न होगा, जिसमें महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, बलिया के पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, जेपी विवि, छपरा के कुलपति डॉ.परमेन्द्र वाजपेयी, बलिया विवि के कुलपति डा.संजीत कुमार गुप्ता, विधान पार्षद डा.वीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, विधायक डा.सीएन गुप्ता आदि बतौर अतिथि उपस्थिति रहेंगे। उन्होंने बताया कि समागम में पूरे दो दिन साहित्यिक संगोष्ठियां होगी। इन संगोष्ठियों को बीएचयू के प्रो.सदानंद शाही, तिब्बती अध्ययन केंद्र सारनाथ के प्रो.रामसुधार सिंह, मुजफ्फरपुर विवि के डॉ. जयकांत सिंह जय, रोहतास के डॉ.गुरूचरण सिंह, गाजीपुर के डॉ.रामनारयण तिवारी, आरा के डॉ नीरज सिंह, काठमांडू के ननीन बराल, बहराइच के ध्रुव कुमार, सहरसा के डॉ अशोक कुमार सिंह, सारण के डा. लालबाबू यादव, बलिया के मोहन सिंह, अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा.ब्रजभूषण मिश्र और कार्यकारी अध्यक्ष डा. महामाया प्रसाद विनोद सहित अन्य भोजपुरी साहित्यकार व बुद्धिजीवी संबोधित करेंगे। मुख्य संयोजक ने यह भी बताया कि शनिवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें गीत-संगीत, नृत्य और भिखारी ठाकुर कि अमर कृति गबर घिचोर नाटक की प्रस्तुति होगी। वहीं रविवार की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

# मारपीट की घटनाओं में 10 लोग घायल

**एकमा (सारण)।** जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग- अलग घटनाओं में चार महिलाएं समेत 10 लोग घायल हो गये। घायलों में मैरवा गांव की पूजा देवी, बेलदारी गांव की रीता देवी, छोटे लाल राय, बब्लू कुमार, सुरेन्द्र यादव, बीमा कुमारी, विमला देवी, जैतपुर गांव के सूरज कुमार, मोहम्मद सलीम, राजीव श्रीवास्तव आदि शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सीएचसी में कराया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा दाउदपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के आदेश व थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार के निर्देश पर एकमा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक शंकर दास ने मांझी थाना क्षेत्र के महुंई गांव में सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से छापेमारी कर एक अर्से से फरार अपराधी महुंई गांव के निवासी अंकित सिंह उर्फ अप्पू को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि एकमा थाने की पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार अपराधी अंकित सिंह उर्फ अप्पू को जेल भेज दिया है।

# जहरीली शराब कांड में नामजद महिला धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में बीते महीने पहले हुए जहरीली शराब मामले में शुक्रवार को गंडामन गांव से आरोपी शराब कारोबारी रानी देवी पति सुरेश राम को मशरक थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया। उन्होंने बताया कि जहरीली शराब कांड संख्या 578/24 में अभी तक कुल 13 आरोपी गिरफ्तार किए गए है । जिसमें 8 प्राथमिकी एवं 5 अप्राथमिकी अभियुक्त शामिल है।

# पुलीस ने देसी शराब के साथ दो धंधेबाजों को किया गिरफ्तार

**दाउदपुर(मांझी)।** दाउदपुर थाना पुलिस ने देसी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर किया है। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि पुलिस को गुप्ता सूचना मिली कि बनवार ढाला की तरफ दो धंधेबाज शराब लेकर जा रहें है जिसपर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी की जहां से पांच लीटर देसी शराब के साथ बभनवलिया निवासी उमेश महतों तथा अरियाव निवासी दशरथ महतो को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# देशी रायफल से फायरिंग कर दहशत फैला रहा अपराधी गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने सोनहो गांव में शराब के नशे में धुत एक अपराधी को अवैध देशी रायफल से फायरिंग करना महंगा पड़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच उसके घर का घेराबंदी कर रायफल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अपराधी सोनहो गांव के ही अशोक राय है। इस संबंध में एसपी डॉक्टर कुमार आशीष ने बताया कि पकड़े गए अपराधी पर पूर्व से दो मामले दर्ज हैं।गिरफ्तार करने के बाद उत्पाद अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# अतिक्रमण हटाने का ग्रामीणों ने किया विरोध, पुलिस के साथ धक्कामुक्की

**मैरवा (सिवान) :** थाना क्षेत्र के इमारौली गांव में शुक्रवार को गैर मजरुआ भूमि से अतिक्रमण हटाने गए प्रशासन को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने अपने मकान की छत से पत्थर भी चलाए। वहीं कई महिलाएं बुलडोजर के आगे सो कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकने की कोशिश करने लगीं। महिला पुलिस और ग्रामीण महिलाओं के बीच धक्का-मुक्की व हाथापाई भी हुई। इस बीच अतिक्रमित भूमि के कुछ भाग से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन वापस लौट गया। ग्रामीणों का कहना था कि उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई के विरुद्ध नोटिस मिलने के बाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। हालांकि अभी इस मामले की सुनवाई कोर्ट में शुरू नहीं हुई है, लेकिन टोकन नंबर मिलने के बाद इसकी सूचना स्थानीय अंचल अधिकारी और थाना को व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दी थी। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उधर अतिक्रमण हटाने के दौरान रोड़ेबाजी और मलवे की चपेट में आकर आधा दर्जन से अधिक महिलाएं घायल हो गई। उनका इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है। बताते हैं कि अंचलाधिकारी के नेतृत्व में काफी संख्या में महिला पुलिस के साथ प्रशासन कबीरपुर पंचायत के इमनौली गांव में गैरमजरुआ भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। इसके पूर्व एक दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस भेज कर उन्हें अतिक्रमित भूमि खाली करने को कहा गया था।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, मां-पुत्री घायल

**सिवान:** असांव थाना क्षेत्र के पतार में शुक्रवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से मां-पुत्री घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज हुआ। घायलों की पहचान उक्त गांव निवासी आशमा खातून और शकीला खातून के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार बच्चों के खेलने के दौरान विवाद हुआ था। इसमें एक पक्ष ने मां और बेटी दोनों के साथ मारपीट कर इन्हें घायल कर दिया गया।

# सोनपुर मेले के अतीत, वर्तमान एवं भविष्य पर मिडिया परिचर्चा आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के अंग्रेजी बाजार स्थित डीएम कैंप में शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर हरिहर क्षेत्र मेला का अतीत वर्तमान तथा भविष्य मीडिया की नजर में विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन एसडीओ आशीष कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार एवं पत्रकारों ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को किया ।इस मौके पर सोनपुर बीडीओ आरोमा मोदी, जन संपर्क विभाग के दिपक कुमार मिश्रा सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। एसडीएम आशीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस परिचर्चा के दौरान छपरा तथा सोनपुर के पत्रकारों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस मेले की पौराणिकता एवं समृद्ध अतीत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अधिवक्ता एवं पत्रकार विश्वनाथ सिंह ने कहा की हरिहर क्षेत्र मेले की सुनहरे अतीत का आलम यह था इस मेले में अकबर तथा महान क्रांतिकारी बाबू वीर कुंवर सिंह ने भी अपने जंगी हाथी और घोड़े की खरीद की यही से की थी कहते हैं की महारानी लक्ष्मी बाई तथा छत्रपति शिवाजी महाराज के भी जंगी घोड़े यही से खरीद कर ले गए थे। उन्होंने कहा कि उसी के अनुरूप वर्तमान का दृश्य भी होना चाहिए, किंतु मेला का डेरा प्रशासन तथा डिपार्टमेंट विभाग के प्रयास के बावजूद सिमटता जा रहा है। यह मेले की भविष्य के लिए दुखद संकेत है। उन्होंने कहा कि मेले की अनेक ऐसी स्थापित परंपराओं को तोड़ दिया गया जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र था। इस क्रम में उन्होंने प्रशासन को इस बात से अवगत कराया कि मेले से पशु दौड़ तथा पुलिस पुरस्कार वितरण आदि समारोह समाप्त कर दिए गए। यहां तक कि मुख्यमंत्री से उद्घाटन व मेला के दौरान राज्यपाल का आगमन सब कुछ धीरे धीरे समाप्त हो रही है। इसी क्रम में पत्रकार शंकर सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मेले में कभी महामहिम राज्यपाल का आगमन होता था। उनके आने से मेले की गरिमा बढ़ती थी उनके उपस्थिति में ही पशु पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाता था अब यह सब इतिहास की बातें हो गई। इसका उद्घाटन कभी मुख्यमंत्री किया करते थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग तथा सारण जिला प्रशासन का सारा ध्यान नखास एरिया पर ही केंद्रित होता है। मेला केवल नखास का नाम नहीं इसका बहुत ही विस्तृत स्वरूप है। इसी क्रम में पत्रकार अभय कुमार सिंह ने भी अपने विचार मे कहा की मेला में कभी अनेक प्रांतो के दुकानदार आया करते थे आज यह मेला स्थानीय स्वरूप लेता जा रहा है। पत्रकार नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है यह नियम इस मेले पर भी लागू है। मीडिया कर्मियों ने यह भी कहा कि मेले का अतीत काफी गौरवशाली रहा है।वर्तमान भी गौरवशाली है लेकिन मेले जिस तरह से सिमट रही है इस पर शासन प्रशासन को और अधिक ध्यान देने की जरूरत है ताकि मेले का पुराना स्वरूप व वर्तमान और भविष्य मे मेला और विकसित हो। मुख्य मंच से उद्घाटन व समापन के दिन मंत्री से लेकर पदाधिकारी भी मेले को विकसित करने के लिए कहते है लेकिन उनके कही हुई बात सिर्फ वही तक रह जाती है। मीडिया कर्मियों ने यह भी कहा कि मीडिया कर्मी अपनी लेखनी के माध्यम से मेले के अतीत वर्तमान और भविष्य पर लगातार प्रकाश डालने का काम कर रहा है।

# देश की शिक्षा पद्धति में व्यापक परिवर्तन हुआ है- विस अध्यक्ष



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** प्रतिभा किसी इलाके की मोहताज नहीं है। किसी इलाके में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। देश की शिक्षा पद्धति में व्यापक परिवर्तन हुआ है।मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में हो रही है।उक्त बातें बिहार विधान सभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने अमनौर के श्रीधर बाबा दारोगा प्रसाद राय इंटर कॉलेज भेल्दी में कृष्णा प्रसाद राय की प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि शिक्षा के महत्व के बारे में आज किसी से बताने की जरूरत नहीं है।सभी भली भांति जानते हैं। शिक्षा का कोई विकल्प नहीं हैं।उन्होंने आगे कहा कि मेरे विधान सभा क्षेत्र में 137 साल पुराना लड़कियों का स्कूल है।विपक्ष में थे तो अपनी बातों से सरकार को पानी पिला देते थे मगर सच्चाई कि आज मेरी स्थिति निष्पक्ष की हो गई है।कॉलेज के संस्थापक की वेदना व ब्यथा को सुनने के बाद विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि आपकी बातों को संबंधित व्यक्ति तक पहुंचा दूंगा मगर इसके लिए आपको लिखित आवेदन देना होगा। एमएलसी डॉ.वीरेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि जेपीयू का जितनी विकास होना चाहिए नहीं हो पा रहा है।भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार के पास पुनः प्रस्ताव भेजवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संस्कृति के बिना कोई समाज,देश व परिवार आगे नहीं बढ़ सकता। विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में हर विद्यालयों को अपग्रेड करने की योजना है।अमनौर के हर पंचायत एक पुस्तकालय का निर्माण होगा।अमनौर विधान सभा बिहार के मानचित्र पर होगा।समारोह को मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ.प्रमेन्द्र रंजन,पूर्व एमएलसी प्रत्याशी आनंद पुष्कर,संत श्रीधर दास,डॉ.ललन प्रसाद यादव,प्राचार्य रामकिशोर यादव प्राचार्य अम्बिका राय,रामप्रवेश पंडित आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता संत श्रीधर दास जी महाराज व धन्यवाद ज्ञापन पवन कुमार ने किया।भजन सुधा अल्पना मिश्रा ने अपनी गायकी से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

# मकेर थाना में पदस्थापित दारोगा की असामयिक निधन



**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** शुक्रवार की सुबह मकेर थाना में पदस्थापित दारोगा उमेश पांडे की असामयिक मृत्यु हो गई। इस घटना से सभी पुलिस कर्मी मर्माहत है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि मकेर थाना में पदस्थापित अवर निरीक्षक उमेश पांडेय की असामयिक निधन हो गई है। बताया जा रहा हैं कि विगत दिनों से हृदय रोग से ग्रासित थे, उनका इलाज चल रहा था ।इसी क्रम में थाना में कार्य निपटारा के क्रम में उन्होंने सीने में दर्द होने की बात कही,इस पर पुलिस कर्मियो ने नजदीक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उन्होंने आखरी सांस ली ।वे मूल रूप से सिवान जिला निवासी थे ,वे मकेर थाना में विगत पांच, छः माह से कार्यरत थे ।वे काफी मिलनसार थे ।इस घटना से सभी कर्मी काफी मर्माहत थे ।उनके पार्थिव शरीर को थाना अध्यक्ष रवि रंजन कुमार एवम अखिलेश कुमार के नेतृत्व में वाहन से ले जाया गया पुलिस लाइन ।वहाँ राजकीय सम्मान के साथ जिला के वरीय अधिकारियों द्वारा सलामी दी जाएगी ।उमेश पांडेय के निधन से मकेर वासी उनके कार्यशैली से काफी प्रभावित थे ।भाजपा नेता सुचिन्द्र साह, निरंजन शर्मा मुखिया अनिल सिंह, राजद नेता अजय राय, मुखिया संजीत राय, सुनील राय, मैनेजर साह ने दुख जताया और कहा कि दुख की इस घड़ी में उनके परिवार को भगवान सहन शक्ति दें।

### बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मना

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में डीएसपी नरेश पासवान, सब रजिस्टार संतोष कुमार लोहरा, बीडीओ सुधीर कुमार, ईओ बबलू कुमार आदि अधिकारियों ने उपस्थित होकर बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्थानीय युवाओं ने भी बाबा सहेब को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए और श्रद्धांजलि भेट की। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाने के साथ बाबा साहेब के विचार को समझने की भी जरूरत है। बाबा साहेब किताबों में है इसलिए सभी को पढ़ाई पर ध्यान देने की जरुरत है। बाबा साहब ने खूद कहा था कि सभी को पढ़ने लिखने की जरुरत है। यही वह माध्यम है जिससे समाज की सभी बुराइयों को खत्म किया जा सकता है। बाबा साहेब चाहते थे पढ़े लिखे व्यक्ति समाज को आगे ले जाने में अपना योगदान करें। जिससे वंचित लोगों को भी शिक्षित और उनके भीतर शिक्षा के अलख को जगाया जा सके। इस अवसर पर अमित मेहरा,अभिमन्यु मेहरा, पिन्टू, वीर आदित्य, प्रो.भूपेश भीम, अवधेश वर्मा, अधिवक्ता मनोज कुमार, अधिवक्ता नागेन्द्र प्रसाद, अधिवक्ता मुन्ना कुमार, पंकज यादव, समीम अंसारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# बांस की बनी मूर्तियां अन्य समाग्री सोनपुर मेले मे आये मेलार्थियों को कर रहा आकर्षित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** आधुनिकता और भागदौड़ भरी इस दुनिया में कुछ आयोजन लाखों लोगों को अपने से महान किसी चीज के लिए एक साथ लाने की शक्ति रखती हैं इसी मे एक स्थान हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का है।सोनपुर मेले के स्टॉलों व प्रदर्शनियों से महिला उद्यमियों के हुनर का डंका बज रहा है। ग्रामीण उत्पादों से महिला उद्यमियों की आमदनी बढाने का सोनपुर मेला सेतु बनने का काम कर रहा है। ग्राम श्री मंडप व आर्ट आर्ट व क्राफ्ट इन दोनों सोनपुर मेला में बांस की बनी गणेश, लक्ष्मी, दुर्गा, काली, बाबा हरिहरनाथ, भगवान विष्णु सहित अनेक मूर्तियां और बांस के बने घर के सोभा बढ़ाने वाली अन्य समाग्री की बिक्री के लिए ग्राम श्री मंडप व आर्ट व क्राफ्ट मे राज्य के विभिन्न जीविका ग्रुप से जुड़े लोग अपने-अपने उत्पादो के साथ मेला में पहुंचे है। इसी मंडप में जीविका दीदी से जुड़े महिलाओं ने अपने हाथों से बनाए गए बांस की मूर्ति के साथ एक से बढ़कर एक बांस के बने सामग्री को बिक्री के लिए लायी है। लगायी गयी प्रदर्शनियों में बांस कला केन्द्र ने शिल्प के बेहतर नमूने भी पेश किए हैं। बांस से बने कई उत्पाद और देवी- देवताओं की मूर्तियां दर्शकों को अपनी ओर आकृष्ट कर रही है। शिल्प की बनी वस्तुओं की राज्य के बाहर भी भारी मांग है। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना ने किस तरह गांवों में जीने व आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई है, वह इन मंडपों में झलक रही है। उनके उत्पाद दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। इन उत्पादों की जमकर बिक्री भी हो रही है। सरकार यदि इन उद्यमियों को पर्याप्त आर्थिक सहायता करे तो वे भविष्य में और भी अच्छे उत्पाद दे सकते हैं। जीविका दीदी से जुड़े महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने के लिए सैकड़ो स्टॉल लगाई है। हाथ के बने शुद्ध चने, मक्का, कुउनी, जौ सहित अन्य की सत्तू, भुजा के आलवा आम,कटहल, बांस, सहित अन्य अचार और चुता, चपल, सवेटर, शाल, शर्ट, खाने पीने के समाग्री बना कर बेच रही है। इतना ही नहीं बांस के बने मां दुर्गा, भगवान विष्णु, भगवान गणेश की भव्य मूर्तियां को निहारत रह जाते हैं मेलार्थी। टाइटेनिक जहाज की कला देखकर आकर्षित हो जा रहे हैं मैलार्थी। इन बांस के बने सामग्री को घर में शोभा बढ़ाने के लिए अपने शामर्थ्य के अनुसार मनपसंद समाग्री खरीद कर लोग ले जा रहे हैं। कारीगरों द्वारा बनाई गई बांस के मां दुर्गा, गणेश, विष्णु सहित अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां अलग अलग साइज और डिजाइन के लेकर खूब चर्चा में है। सभी देवी देवताओं एवं अन्य बांस के बने सामग्रियों को निहारते रह जाते हैं मेलार्थी। मेले की सरकारी अवधि जैसे- जैसे अपने मुकाम की ओर आगे बढ़ रही है वैसे- वैसे इस मेले में मेलार्थियों की भीड़ बढ़ती जा रही है।



# धनुष कुटी आश्रम सोनपुर में पर्यटक विभाग का सौंदर्यकरण के लेकर हुआ भूमि पूजन

## आज पर्यटन एवं उद्योग विभाग के मंत्री करेंगे गेस्ट हाउस यात्री निवास का शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र के धार्मिक संस्थान एवं पर्यटन स्थल धनुष कुटीर आश्रम न्यास दक्षिणेश्वर कालीघाट सोनपुर न्यासिक विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य योजना के अंतर्गत पर्यटन विभाग बिहार सरकार पटना के द्वारा गेस्ट हाउस यात्री निवास का शिलान्यास नीतीश मिश्रा, मंत्री पर्यटन विभाग बिहार सरकार पटना के कर कमलों से दिनांक 7 दिसंबर 2024 को संपन्न होने जा रहा है।जिसका पर्यटन विभाग द्वार 4 करोड़ 98 लाख 37 हजार 200 रूपये की प्रशासनिक स्वकृति प्राप्त हैद्य इसके पूर्ण निर्माण मे करीब 2450 करोड़ रूपये की योजना डीपीआर तैयार कुशल इंजिनियर के द्वारा की गयी है। धनुष कुटीर आश्रम विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य योजना का प्रारूपण तैयार किया गया इसके संबंध में मंत्री पर्यटन विभाग द्वारा भारत सरकार नई दिल्ली को अनुशंसा की गई है। वही शुक्रवार को धनुष कुटी आश्रम मे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। साथ ही अखंड श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। मुख्य जजमान डॉक्टर संजय कुमार झा, चार्टर्ड अकाउंटेंट लाला बाबा, महंत रघुबीर दास, अर्जुन दास, धनुष कुटीर के प्रधान पुजारी बोधु दास, पंकज दास, अयोध्या विजय पांडे, मुन्ना सिंह, सोना सिंह, संवेदक जयप्रकाश संवेदक प्रतिनिधि दीपक कुमार रहे । भगवान राम उर्फ बालक बाबा न्यासधारी महंत श्री धनुष कुटी आश्रम ने शुक्रवार को बताया 7 दिसंबर 2024 शनिवार के दिन शिलान्यास के कार्य होंगे।



## सोनपुर मे डॉ भीमराव अम्बेडकर के मनायीं गयी पुण्यतिथि

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी और अर्धसरकारी स्कूलों शिक्षण संस्थानों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई वही गजग्राह चौक के निकट स्थित विधायक कार्यालय पर सोनपुर विधायक डॉ.रामानुज प्रसाद के नेतृत्व में संविधान निर्माता, दलितों के मसीहा और मानवाधिकार आंदोलन के प्रकांड विद्वाता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। परिनिर्वाण दिवस पर सोनपुर विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, अर्थशास्त्री व महान समाज सेवी डॉ.भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को पूरा देश महापरिनिर्वाण दिवस रूप में मना रहा है। डॉ.भीमराव अंबेडकर एक महान विचारक एवं तेजस्वी वक्ता थे।वे आजीवन समाज में जातिवाद के उन्मूलन, समानता और स्वतंत्रता के लिए हमेशा प्रयास किये। उन्होंने हमेशा जाति प्रथा का विरोध किया एवं देश को एक माला में जोड़ने का कार्य किया। आज हमारा देश बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान में आस्था रखकर ही आगे बढ़ेगा।उन्होने कहा था कि दलित-पिछड़ा,शोषित समाज को पूजा पाठ छोड़कर पढ़ना-लिखना होगा तभी जाकर समाज का उत्थान हो सकेगा।उक्त कार्यक्रम मे राजद प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो, शम्भू प्रसाद चौरसिया,पूर्व अध्यक्ष हरिचरण महतो, साधु यादव, रमेश राय,नगर अध्यक्ष रजनीश कुमार, टोनी कुमार वार्ड पार्षद, रामानुज राय, केशव राय, पुलिस राय समेत दर्जनों राजद कार्यकर्ता शामिल थे।



## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली

**दैनिक खोज खबर/ मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के महाराणा प्रताप चौंक और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों समेत कर्ण कुदरिया गांव के महादलित टोला में शुक्रवार की शाम बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान निकाली गई। जिसके तहत विद्यालय के विद्यार्थियों ने हाथों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तख्ती लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली गांव के विभिन्न चौराह, गली मोहल्ले में होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। जागरूकता रैली में विद्यार्थियों की ओर से ग्रामीणों को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम नारायणी सेवा संस्थान की तरफ से आयोजित किया गया था जिसमें प्रोजेक्ट कॉडिनेटर अखिलेंद्र सिंह, भूपेंद्र प्रसाद सिंह, प्रीति कुमारी, निशा राय समेत अन्य मौजूद रहें।




## रामघाट से रामदरबार अयोध्या तक की पदयात्रा करने का किया शंखनाद

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** माँझी प्रखंड के बरेजा स्थित माता कामाख्या मन्दिर में एकत्रित होकर अनेक संतों ने माँझी के प्रसिद्ध रामघाट से रामदरबार अयोध्या तक की पदयात्रा करने का शंखनाद किया। इससे पहले मन्दिर परिसर में आधा दर्जन विद्वान ब्राम्हणों द्वारा दुर्गा सप्तशती का सस्वर पाठ आयोजित किया गया। रामघाट से रामदरबार तक की प्रस्तावित पदयात्रा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अनुष्ठान की संयोजिका व संतमाता जयमाला दास ने बताया कि सनातन धर्मावलंबियों को जागृत करने एवम गोरक्षा के संकल्प के साथ अगले पखवाड़े एक तिथि का निर्धारण करके माँझी के रामघाट पर पवित्र सरयु में स्नान करने के उपरान्त संकल्प पूजन करके संतों की टोली अयोध्या धाम तक की पदयात्रा प्रारम्भ करेगी। शुक्रवार को आयोजित अनुष्ठान सह शंखनाद कार्यक्रम से उक्त बृहद अभियान का श्रीगणेश किया गया। मौके पर मौजूद संत रामदास उदासीन जी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में साधु संतों एवम सनातन धर्मावलंबियों पर हो रहे हमले तथा धर्मस्थलों को नष्ट करने की साजिश के खिलाफ भारत सरकार को तत्काल अपना विरोध दर्ज कराते हुए कठोर पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर संत महात्माओं द्वारा दर्जन भर शंखों से शंखध्वनि की गई। शँख नाद कार्यक्रम में अतुल भाष्कर चतुर्वेदी,संत परमेश्वर दास,संत रामजी दास,सूर्यकांत उपाध्याय,स्वामीनाथ शर्मा तथा मुखिया राजेश पाण्डेय समेत अनेक धर्मावलम्बी आदि शामिल थे।

## अपराध नियंत्रण और अवैध शराब को लेकर बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्ष ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अवैध शराब पर रोक लगाने को बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार की मौजूदगी में विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर जिला से मिलें निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करानें पर सहमति बनी। इसके लिए थाना स्तर पर जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित करने व उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई करने पर सहमति बनी। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्रों में भूमी विवादों के बढ़ते समस्या को लेकर शनिवार के जनता दरबार में सीओ की मौजूदगी में दोनों पक्षों को सुनकर त्वरित समाधान की सहमति बनी। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले व असामाजिक तत्वों की पहचान कर निरोधात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं जातीय व साम्प्रदायिक घटनाओं में व्यक्तिगत व सरकारी संपत्ति की क्षति की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक, कृषि, बाढ़, आपदा, छात्र आंदोलन के अलावा अन्य आयोजन, बैठक व जुलूस का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने पर सहमति बनी ताकि घटना के पूर्व इससे निपटने के लिए सभी तरह की सर्तकतामूलक निरोधात्मक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकें। वहीं बीडीओ पंकज कुमार आम लोगों से मीडिया के माध्यम से अपील किया कि प्रखंड क्षेत्र में किसी तरह की ऐसी सूचना जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ता हो उसकी ससमय थाना पुलिस को जरूर दें और यदि आपके आस पड़ोस शराब का निर्माण, भंडारण और बिक्री की जा रही है उसकी भी सूचना दे आपकी पहचान गोपनीय रखते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

## बाहरी बच्चों की पहचान को ले विद्यालयों में हेल्प डेस्क का गठन

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान) :** मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यालय से बाहर के बच्चों की पहचान के लिए जिले में गृहवार सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विद्यालय से बाहर के छह से 14 और 15 से 19 आयु वर्ग के बच्चों की पहचान की जा रही है। बीईओ चंद्रभान सिंह ने बताया कि पहचान होने के बाद उन बच्चों की उम्र के हिसाब से सापेक्ष कक्षा में नामांकन कराया जाएगा। जिन बच्चों ने नौवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी है उनको 10वीं और 12वीं की शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरस्थ शिक्षा सुविधा प्रदान की जाएगी। बीपीएम सुवेंदु कुमार ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान शिक्षा विभाग से मिले 24 कालम वाले प्रपत्र में हर बिंदु की जानकारी देनी है। चिह्नित बच्चों के एकत्रित आंकड़ा को शिक्षा विभाग के प्रबंध पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा। डीईओ ने गृहवार सर्वेक्षण अभियान चलाने के लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है। विभाग के निर्देश पर अनामांकित बच्चों की जांच के लिए जिलास्तर पर कमेटी गठित की गई है, जिसमें डीईओ को अध्यक्ष बनाया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, संभाग प्रभारी और एमआइएस प्रभारी को सदस्य बनाया गया है। प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर हेल्प डेस्क का गठन विद्यालय से बाहर बच्चों की पहचान के लिए प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। इसमें युवा शिक्षक नोडल के रूप में नामित किए गए हैं। ये शिक्षक अपने क्षेत्र के बूथ स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) से अपने पोषक क्षेत्र की मतदाता सूची प्राप्त करेंगे। इसके आधार पर वैसे घरों को चिह्नित किया जाएगा जहां के बच्चे लंबी अवधि से विद्यालय नहीं जा रहे हैं या उनका नामांकन अभी तक नहीं हुआ है। इसमें विद्यालय के शिक्षक, टोला सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य सहयोग करेंगे। साथ ही घरों को चिह्नित कर माता-पिता से संपर्क करेंगे और बच्चों के स्कूल में नामांकन के लिए रणनीति तैयार करेंगे। मुहल्लों एवं टोलों में परिचर्चा व शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विद्यालय में बच्चों के नामांकन के बाद बाल-पंजी में नाम दर्ज किया जाएगा।

## विभिन्न कांडो में बरामद 13 सौ लीटर शराब का विनिष्टिकारण

**दैनिक खोज खबर/दाउदपुर(मांझी)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर शुक्रवार को दाउदपुर थाना परिसर में विभिन्न कांडों में बरामद 1300 सौ लीटर अंग्रेजी व देसी शराब का विनष्टीकरण किया गया। मांझी के सीओ सौरभ अभिषेक व थानाध्यक्ष नवलेश के देखरेख में चौकीदार दशरथ मांझी, राजदेव मांझी आदि सहित जेसीबी की मदद से विभिन्न कांडों में बरामद आठ सौ पच्चास लीटर अंग्रेजी शराब तथा चार सौ पच्चास लीटर देसी शराब का विनष्टीकरण किया गया। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि मद्य निषेध अधिनियम के तहत दाउदपुर थाना पुलिस शराब के तस्करों, धंधेबाजों व पियक्कड़ों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। मौके पर थाने के अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

**बोलेरो के धक्के से बाइक सवार घायलः दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** एनएच-531 पर रसूलपुर चट्टी स्थित केदार परसा मोड़ के समीप शुक्रवार की सुबह सीवान से छपरा की ओर जा रही बोलेरो के धक्के से एक बाईक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया,घायल युवक रसूलपुर थाना क्षेत्र के अतरसन गांव निवासी मदन तिवारी के पुत्र संतोष तिवारी बताया जाता है,घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज हेतु एकमा अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छपरा सदर रेफर कर दिया जहां उसकी स्थिति सामान्य है।

## मशरक में जदयू की जिलास्तरीय सम्मेलन की सफलता को लेकर बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर जिलास्तरीय सम्मेलन की सफलता को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 8 दिसंबर को छपरा के राम जयपाल कालेज में होने वाले जदयू के जिला स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। मौके पर जदयू के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं में दिलीप कुशवाहा, एहसान, अब्बास अली, मुन्ना मांझी, जितेन्द्र सिंह, गौतम सिंह, शौकत अली समेत अन्य शामिल रहें। प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने बताया कि सम्मेलन राम जयपाल कालेज छपरा के प्रांगण में होगा। इसमें मशरक प्रखंड से लगभग दो हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# समारोह पूर्वक मना बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस शुक्रवार को अंबेडकर चौक अवस्थित अंबेडकर स्थल में समारोह पूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर डीपीओ स्थापना धनंजय पासवान, जिला अभियंता डीएन दत्ता, परिगणित जाति कल्याण संघ के अध्यक्ष अजित कुमार मांझी, शैलेन्द्र राम, अधिवक्ता अनिल कुमार मांझी, बिनोद कुमार चौधरी, रमेश चंद्रा, सुपेंद्र चौधरी, अमर राम, शंभू मांझी, सत्यप्रकाश मांझी, विष्णु कुमार, रामलाल राम, रामनरेश पासवान, अशोक बैठा आदि ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया.मौके पर अपना विचार व्यक्त करते हुए डीपीओ श्री पासवान ने बाबा साहेब के बताए गए उपदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के नारा के साथ संविधान बचाने का भी संकल्प दोहराया।



## श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वाजारोहण

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** प्रखंड के भलुआ बुजुर्ग पंचायत के खानपुर गांव स्थित मां जगदंबा मंदिर के परिसर में 2025 में आयोजित होने वाले श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर मांझी प्रखंड के भलुआ बुजुर्ग पंचायत के खानपुर गांव स्थित मां जगदंबा मंदिर के परिसर में ध्वजारोहण किया गया। बनारस व अयोध्या से पधारे वेदाचार्य के वैदिक मंत्रों उच्चारण व पूजा पाठ हवन के पश्चात शतचंडी महायज्ञ का ध्वजारोहण किया गया। वेदाचार्य पंडित लक्ष्मीकांत पांडेय एवं बलराम पाठक ने बताया कि 18 मार्च 2025 को महायज्ञ आरंभ होगा। अनुष्ठान में यजमान के रूप में नागेंद्र तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी शामिल हुई। मौके पर मुख्य रूप से नागेंद्र मिश्रा उर्फ पंडित बाबा, सुनील मिश्रा, अनिल मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, गुड्डू ओझा, दीपक मिश्रा, संतोष मिश्रा, डॉ. कमलेश कुमार, कालेश्वर राय, सूरज देव राय, दीना मांझी, सुशील साह संतोष साह, मंटू प्रसाद आदि मौजूद थे।

## जन नेता स्वर्गीय वीरेंद्र नारायण सिंह के मनायीं गयी 27वीं पुण्यतिथि

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत लोकप्रिय जन नेता स्वर्गीय वीरेंद्र नारायण सिंह के 27वीं पुण्यतिथि शुक्रवार के उनके पैतृक गांव गोपालपुर में उनके आदम कद प्रतिमा पर सभी लोगो ने माल्यार्पण कर भाईचारा दिवस के रूप में मनाया गया तथा उनकी कार्य प्रणाली के प्रशंसा करते हुए उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए लोगो के बीच भेदभाव मिटाने की एवं आपसी सद्भावना बना के रखने के लिए कहाँ गया। । कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विलायत हुसैन, राम विनोद सिंह पूर्व मुखिया तृप्ति नाथ सिंह,भाजपा के उदय कुमार सिंह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह,प्रेमचंद सिंह, महेंद्र सिंह अनामिका, धर्मनाथ सिंह बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सत्येंद्र नारायण सिंह,अनिल कुमार सिंह संजय सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह इत्यादि सहित सैकड़ो लोगों ने उनके किए गए कार्यों को वखान करते हुए कहाँ कि ऐसे व्यक्ति को समाज सदैव याद करते है।



## सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी बनवार मुख्य मार्ग पर लकड़ी व्यवसायियों तथा अन्य लोगो के द्वारा किये गए अतिक्रमण के विरुद्ध समाजसेवी नागेंद्र ठाकुर ने दर्जनों हस्ताक्षर युक्त आवेदन मांझी के सीओ सौरभ अभिषेक तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया हैदिए गए ज्ञापन में कहा गया है की मांझी बनवार मुख्य मार्ग को मांझी ब्लाक के पास से कृषि विज्ञान तक सड़क को लकड़ी व्यवसायियों व अन्य लोगो के द्वारा अतिक्रमण कर संकीर्ण बना दिया गया हैजिससे आवागमन बाधित हो गया हैजिससे एम्बुलेंस अग्निशमन वाहन,स्कूल बस तथा प्रशासन की गाड़ियों के अलावा आपातकालीन वाहनों को आनेजाने में काफी दिक्कत होती हैमांझी ब्लाक से कृषि विज्ञान केंद्र तक दोनो तरफ किये गए अतिक्रमण से वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया हैयह सड़क नगर पंचायत के अलावा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली जीवन रेखा हैज्ञापन में इस सड़क को अबिलम्ब अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाया है।

## भागवत कथा महायज्ञ को निकली कलश यात्रा

**सिसवन (सिवान) :** प्रखंड के जयी छपरा स्थित जानकी धाम परिसर में शुक्रवार से शुरू हो रहे सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा महायज्ञ से आरंभ होकर सरयू नदी के आम घाट पहुंची जहां से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरा गया। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, हर-हर महादेव, जय हनुमान के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। गाजे-बाजे के साथ रंग-बिरंगे परिधान में शामिल काफी संख्या में महिला-पुरुष, युवक-युवतियां व बच्चे जयी छपरा आम घाट स्थित सरयू नदी तट पहुंची। इस दौरान वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य पंडित संतोष द्विवेदी के सानिध्य में पूर्ण विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगे की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालु जलभरी कर पुनः उसी रास्ते यज्ञ मंडप पहुंचेञ। कलश को यज्ञ स्थल पर स्थापित कर आचार्य पंडितों व विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत की। आयोजकों ने बताया कि विगत तीन वर्षों से लगातार महायज्ञ का आयोजन जानकी धाम परिसर में होते आ रहा है, जो इस साल भी अनवरत जारी है। यज्ञ में आत्मा सिंह द्वारा प्रसाद और भंडारे की व्यवस्था की गई है। इस महायज्ञ में बड़े-बड़े संतों का भी आगमन होगा। यह महायज्ञ सात दिनों तक चलेगा। इस दौरान यज्ञ के सातों दिन तक धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ संध्या में भागवत कथा प्रसिद्ध कथावाचक केन बाबा द्वारा किया जाएगा। 12 दिसंबर को विशाल भंडरा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। यह अनुष्ठान समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। मुख्य यजमान के रूप में अनिल पांडेय, माला देवी, सकलदेव पांडेय, सुरेश पांडेय, आनंद पांडेय, विश्वजीत पांडेय, बिट्टू यादव, सुनील पांडेय, मुक्तिनाथ पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, कामेश्वर पांडेय समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकाली

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** प्रखंड के जई छपरा गांव के जानकी धाम परिसर में शुक्रवार से शुरू हो रहें सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर पूज्य सरकार जी के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ो की संख्या में रंग-बिरंगे परिधान में श्रद्धालु यज्ञ स्थल से जलभरी के लिए जुलुश की शक्ल में निकले। श्रद्धालुओं के यज्ञ स्थल से निकलते ही पूरा वातवरण जय श्री राम, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। गाजे-बाजे के साथ रंग-बिरंगे परिधान में शामिल बड़ी संख्या में महिला-पुरुष युवक-युवतियां व बच्चें जई छपरा आम घाट स्थित सरयू नदी के पावन तट पर पहुचें। तत्पश्चात वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य पंडित सन्तों दुर्वेदी के सानिध्य में पूर्ण विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माँ गंगे की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालु जलभरी कर यज्ञ मंडप के लिए प्रस्थान किये। कलश को यज्ञ स्थल पर स्थापित कर आचार्य पंडितो व विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत की। आयोजको ने बताया कि विगत 3 वर्षों से लगातार महायज्ञ का आयोजन जानी धाम परिसर में होते आ रहा है जो इस साल भी अनवरत जारी है। जिसमें जयप्रकाश पाण्डेय,संतोष ओझा,विनय पाण्डेय उर्फ पिंटल बाबा सहित कई लोगों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया है। इस महायज्ञ बड़े-बड़े संतो का भी आगमन होगा। यह महायज्ञ सात दिनों तक चलेगा। इस दौरान यज्ञ के पूरे सातों दिन तक धार्मिक अनुष्ठान के साथ में प्रति संध्या कथा प्रवचन केन बाबा के द्वारा किया जाएगा। जबकि 12 दिसंबर को विशाल भंडरा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति किया जाएगा। यह अनुष्ठान समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। मुख्य यजमान के रूप में माला देवी,अनिल पाण्डेय,सकलदेव पाण्डेय,सुरेश पाण्डेय,स्वामी नाथ यादव,बिट्टू यादव,आनंद पाण्डेय, विश्वजीत पाण्डेय मुक्तिनाथ पाण्डेय,कामेश्वर पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।



# मैरवा की पांच खिलाड़ी बिहार राज्य स्कूली फुटबॉल टीम में शामिल



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार राज्य खेल विभाग द्वारा गठित बिहार राज्य स्कूली अंडर 17 बालिका फुटबॉल टीम में रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की तीन खिलाड़ियों सहित मैरवा के कुल 5 खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम में हुआ है इस बात की जानकारी देते हुए रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक सह मुख्य कोच संजय पाठक ने बताया कि स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू कश्मीर में 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल में बिहार राज्य की टीम जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हो गई है (यह प्रतियोगिता 5 दिसंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक आयोजित है। पाठक ने बताया कि बिहार टीम का प्रशिक्षण शिविर राज्य एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र मैरवा धाम में 18 नवंबर से 2 दिसंबर 2024 तक आयोजित था जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों की 18 खिलाड़ी एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र की कोच पिंकी कुमारी की देख-रेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी (पाठक ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी की तीन प्रशिक्षु खिलाड़ी निक्की कुमारी, रुबी कुमारी एवं निशा कुमारी का चयन हुआ है वही खेलो इंडिया स्माल सेंटर से गुनगुन कुमारी तथा मैरवा फुटबॉल क्लब से प्रिया कुमारी का चयन बिहार टीम में हुआ है इन सभी खिलाड़ियों के चयनित होने पर आर एल बी एस ए एंड यू के फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा, सचिव डॉक्टर शरद चौधरी ,डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर रिता सिंहा, डॉक्टर राम एकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर रामजी चौधरी, डॉक्टर सत्य प्रकाश, डॉ विनय पांडेय, डॉक्टर आरती रानी पांडेय, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉ अनिल कुमार रानीलक्ष्मी बाई स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य संरक्षक डॉक्टर आर एन ओझा सहित अन्य खेल प्रेमियों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# इंडियन ऑयल द्वारा ग्राम चैंचौरा जिला सारण में आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड का पाइप लाइन्स डिवीजन पूरे भारत में लगभग 19000 किलोमीटर से ज्यादा पाइपलाइन का प्रचालन एवं अनुरक्षण करता है.इन पाइप लाइन से कच्चा तेल, पेट्रोल ,डीजल एवं अन्य पेट्रोलियम पदार्थों का परिचालन देश के एक कोने से दूसरे कोने तक किया जाता है.जिससे हमारे देश की ऊर्जा आवश्यकता पूरी की जाती है.इंडियन आयल पाइप लाइन्स का पटना पंप स्टेशन देश की पहली अंतर राष्ट्रीय पाइप लाइन (पटना - मोतिहारी-बैतालपुर पाइप लाइन एवम मोतिहारी अमलेखगंज पाइप लाइन ) के परिचालन में एक मुख्य किरदार निभाता है. पटना पंप स्टेशन यह सुनिश्चित करता है की हमारे परोसी देश नेपाल के पेट्रोल डीजल का आवश्यकता निरंतर पूरी होते रहे.इसी क्रम मे एवं अपने आपातकालीन स्तिथि से निपटने के प्रयास की जांच को जारी रखते हुए पटना स्टेशन के द्वारा एक आपातकालीन मौक ड्रिल का आयोजन सारण जिला के चैनचौरा में किया गया.मौक ड्रिल में




उपस्थित सारण जिला प्रशासन, पुलिस ,फायर ब्रिगेड, ग्राम के सरपंच एवं मुखिया, जिला चिकित्सा विभाग ,राष्ट्रीय आपदा मोचन बल , राज्य आपदा मोचन बल , भारत पेट्रोलियम एवं चैनचौरा एवं आस पास के ग्राम के लोगो ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिआ.मौक ड्रिल में पटना स्टेशन ने पाइप लाइन में रिसाव की आपातकाल स्तिथि से निपटने के लिए जो भी जरुरी कार्यवाही करनी होती है उसको दर्शाया. इस मौके पर पटना स्टेशन के प्रभारी0डीजीएम नवनीत कुमार ने ग्रामीणों को पाइप लाइन की सुरक्षा एवं इसकी महत्ता को बताया. साथ ही पाइप लाइन मे किसी आपातकाल के समय किन बातों को ध्यान मे रखना है, ये जाहीर किया। पटना ऑफिस के द्वारा ये बताया गया की कैसे समय समय पर इस तरह के आपातकालीन ड्रिल करके इंडियन ऑइल पटना ऑफिस अपनी सक्षमता की जांच करते रहते है। समय समय पर इस तरह के मौक ड्रिल एवं जागरूकता अभियान का आयोजन से पाइप लाइन की निरंतर सुरक्षा मे वृद्धि होते रहती है ।

# बड़कागांव के सतीश महतो हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

**भगवानपुर हाट ( सिवान ):** थाना क्षेत्र के बड़कागांव शाह टोला के युवक वैशाखी महतो के पुत्र सतीश महतो की हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने गुरुवार की शाम गुप्त सूचना पर चोरौली गांव से गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों मेंराजकिशोर महतो व उसकी बहन शामिल हैं। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी ने बताया कि सतीश महतो की हत्या प्रेम प्रसंग में हुई थी। उन्होंने बताया कि पिछले महीने 10 नवंबर की शाम करीब करीब साढ़े सात बजे आरोपित युवती का भाई राजकिशोर उर्फ छोटू सतीश को बुलाने उसके घर आया था, उस समय सतीश घर पर नहीं था। उसकी मां ने बताया कि वह मोबाइल पर बात करते हुए बथान के तरफ गया है। इस पर राजकिशोर उसे खोजते हुए बथान की तरफ गया तो बथान के पीछे अपनी बहन को सतीश के साथ देखकर अपने बड़े भाई राहुल को फोन करके बुलाया। बहन के सामने दोनों भाइयों ने लाठी डंडा से मारते-पीटते तथा गला दबाकर सतीश को मौत के घाट उतार दिया। इसके अगले दिन 11 नवंबर को बड़कागांव शाह टोला के रहुआ के पावट चंवर में धान के खेत में सतीश महतो का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। चंवर में भैंस चराने आए युवकों ने शव को देख गांव वालों की सूचना दी। इसकी सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसकी सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की तहकीकात में जुट गए। बताते हैं कि प्रेमिका ने उसे फोन कर बुलाया था। इस मामले में मृतक की मां लीलावती देवी ने 12 नवंबर को थाना में आवेदन देकर चोरौली निवासी राहुल महतो, राजकिशोर महतो उर्फ छोटू समेत पांच नामजद तथा एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी।

# युवक की हत्या मामले में प्राथमिकी, चार नामजद

**महाराजगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के रिसौरा पंचायत के जगदीशपुर में चार दिसंबर की रात पेड़ से लटका एक युवक शव ग्रामीणों की सूचना पुलिस ने बरामद किया। इस मामले में मृतक के पिता खलील मियां के आवेदन पर एक युवती समेत चार लोगों को नामजद किया गया है। मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि चार दिसंबर की देर शाम करीब साढ़े सात बजे मेरे लड़का अजहर अली के मोबाइल पर फोन आया। उसके बाद अजहर अली जाते हुए बोला कि जल्द आ रहा हूं। घर आने में विलंब होने पर करीब आठ बजे रात को उसके मोबाइल पर फोन करने पर कोई जवाब नहीं आ रहा था। रात्रि नौ बजे से मेरे साथ परिवार के अन्य सदस्य अजहर अली को खोजबीन करने लगे। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव के श्मशान के पास महुआ के पेड़ के पर मृत अवस्था में मेरे पुत्र का शव गमछा के फंदे से लटकता हुआ दिखाई दिया। घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को पेड़ से उतारा तथा पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव को देखने से लग रहा था कि उसकी हत्या अन्यत्र जगह मारकर कर दी गई है तथा उस के शव को पेड़ से लटका दिया गया। इस मामले में जगदीशपुर निवासी मनोज मांझी, नवल मांझी व रिसौरा निवासी राजन मांझी व गांव की एक युवती को आरोपित किया है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# सोनपुर मेले में शीतलहर से बचाव व सुरक्षा के लिए किया जा रहा जागरूक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र मेले में लगी बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार) की ओर से प्रदर्शनी और मेला क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शीतलहर/ठंड से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति सर्वमंगला सास्कृतिक मंच, वाल्मी फुलवारी शरीफ, पटना के द्वारा क्रमशः 06 से लेकर 09 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है।

नाटक की शुरुआत शीतलहर से बचाव गीत- सुन?-सुन? भईया, सुनअ-सुनअ हे बहिनिया, आपदा प्राधिकरण के मानी जा बचनिया, बन के रही जा होशियार-2 ???शीतलहर से बच के रहिया हो, ठंड से बच के रहीह हो, जीवन अनमोल बाटे रहीह सम्हल के, ठेके न दीहअ भईया शीतलहर के, गर्म चीज खाना -पीना गरम पहनावा, कर लिह सबके जोगार-??

''जीवन रक्षा'' नाटक के माध्यम से लोगों को यह सलाह दी गई कि शीतलहर के दौरान अनावश्यक घर से बाहर न जाए यथासंभव घर मे ही सुरक्षित रहे। यदि घर से बाहर जाना आवश्यक हो तो समुचित गर्म कपड़े पहनकर ही निकले। अपने सिर,चेहरे, हाथ,पैर को गर्म कपड़ों से जरूर ढंके। शरीर में गर्मी बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार एवं गर्म पेय पदार्थो का सेवन करें जैसे विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। अदरक , हल्दी , तुलसी, आंवला, नींबू, संतरा, अमरुद, लहसुन, चिकन सूप ,पनीर -चिल्ली,शिमला मिर्च, गरम मसाला और खजूर को गर्म दूध में गला कर खाएं। इससे ठंड से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। रूम हिटर ब्लोअर, जलती हुई लालटेन, दिया ,मोमबत्ती ,बोरसी और कोयले की आग का प्रयोग करते समय धुएं के निकास का उचित प्रबंध कर ले। उसके उपयोग के बाद उसे अच्छी तरह बुझा दें। बच्चों को सरसों तेल में जाफर को रगड़कर उसे मालिश करने से उसका शरीर गर्म रहता है। जहां तक हो सुसुम पानी से नहाए क्योंकि स्नान करने के गलत तरीके से भी ब्रेन हेमरेज हो सकता है इसलिए स्नान करते समय सिर पर सीधे ठंडा पानी नहीं डालें पैर से होते हुए ऊपर की ओर डालें।पशुओं को ठंड से बचने के लिए घर के अंदर चारों तरफ से बंद कर दें। बथानी को साफ सुथरा रखें और जुट के बोरे से पूरे शरीर को ढक कर रखिए। गर्म दूध में हल्दी, मीठा और आहार एवं खान-पान में वृद्धि कर दे। ठंड लग जाने पर पशु चिकित्सक से तुरंत सलाह लें। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का सलाह माने। इस नाटक के लेखक एवं निर्देशन- संस्था के सचिव महेश चौधरी ने की है एवं गीत की रचना- योगेंद्र केवट द्वारा किया गया है। गीत की रचना- योगेंद्र केवट द्वारा किया गया है।

## वरीय अधिवक्ता के निधन पर शोक

**सिवान :** सिविल कोर्ट में कार्यरत वरीय अधिवक्ता नयरुल इस्लाम का दिल्ली में उनके आवास पर प्रातः सात बजे निधन हो गया। उनके निधन पर अधिवक्ता संघ भवन में शोक सभा का आयोजन किया। इसमें दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।ज्ञात हो कि नयरुल इस्लाम मूलतः आंदर थाना के फिरोजपुर गांव के रहने वाले थे तथा कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और दिल्ली में ही अपने पुत्र और पुत्री के पास रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। वे पूर्व में सिवान सिविल कोर्ट में लोक अभियोजक का कार्यभार भी पांच वर्षों तक संभाल चुके थे तथा काफी मृदुभाषी स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने कार्य के प्रति समर्पित रहा करते थे तथा उनका लोक अभियोजन का कार्यकाल निर्विवाद रहा था। वे सभी अधिवक्ताओं से मिलजुलकर रहा करते थे तथा उनका संदेश था कि वकालत पैसा वकीलों की गरिमा का प्रतीक है और उसे हर हालत में बनाए रखनी चाहिए। शोक सभा में पूर्व संघ अध्यक्ष पांडेय रामेश्वरी प्रसाद, बृजमोहन रस्तोगी, जनार्दन प्रसाद सिंह, पूर्व संघ सचिव प्रेम कुमार सिंह, वर्तमान संघ सचिव नवेंदु शेखर दीपक के साथ सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे तथा संघ के सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने संघ भवन में आयोजित लोकसभा में उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया। नयरुल इस्लाम अपने पीछे अपने दो पुत्र एक पुत्री व पत्नी को छोड़ कर स्वर्ग सिधार गए हैं, उनके पुत्र व पुत्रियां स्वावलंबी हैं। सिविल कोर्ट में अधिवक्ता के निधन के कारण अधिवक्ताओं ने अपने को न्यायिक कार्य से विरत रखा था।

# रतौली व माघर गांव के कालाजार मरीजों का किया गया फालोअप

**सिवान :** जिले में कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसको लेकर समय-समय पर कालाजार के नए मरीजों की खोज के लिए विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा हैं। विभागीय निर्देश पर वीडीसीओ विकास कुमार और पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रमुख कुंदन कुमार द्वारा भगवानपुर हाट प्रखंड के कलाजार प्रभावित गांव माघर व रतौली के मरीजों से मिलकर उनका फालोअप किया गया। इस संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डा.ओम प्रकाश लाल ने बताया कि कालाजार बीमारी से प्रभावित इलाकों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भ्रमण कर अभियान चलाया गया है। इस अभियान में कालाजार के लक्षण वाले संदिग्ध मरीजों को चिह्नित करते हुए उनकी जांच कराई गई। हालांकि यह अभियान विगत 2021 से 2023 के बीच मिले कालाजार के नए मरीजों के आधार पर चलाया गया है। ताकि कालाजार संक्रमण प्रसार की संभावना को जल्द से जल्द खत्म किया जा सके। साथ ही कालाजार मरीजों और उनके स्वजनों में भी बीमारी के लक्षणों की जांच कराई जा रही है। कालाजार उन्मूलन के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत विगत दस वर्षो के मरीजों की सूची को तैयार करने के बाद ही प्रभावित गांवों में घर- घर जाकर दवाओं के छिड़काव से पूर्व विशेष रूप से मिशन मोड में कालाजार उन्मूलन की दिशा में कार्य किया गया है।

# जिला जज ने व्यवहार न्यायालय निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**महाराजगंज (सिवान):** महाराजगंज में व्यवहार न्यायालय जल्द शुरू होगा। इसके लिए शुक्रवार को जिला जज मोतीश कुमार सिंह, मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी संजय कुमार पांडेय, एडीजे वन विजय कृष्ण सिंह ने पुराने अनुमंडल कार्यालय सह चंद्रशेखर पुस्तकालय में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिला जज ने इजलास, शत्री का कमरा, अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था, वाहन पोटिका का निर्माण, शौचालय निर्माण का बारी-बारी से निरीक्षण किया। साथ ही मजिस्ट्रेट, अधिवक्ता, जनता को आने जाने के लिए रास्ते का निरीक्षण किया। परिसर में स्थित जयप्रकाश नारायण की मूर्ति एवं स्मारक के जीर्णोद्धार करने के लिए कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण को निर्देश दिए। जिला जज भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को एक माह के अंदर सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिए।इस दौरान एसडीओ अनिल कुमार, थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, नपं के ईओ हरिश्चंद्र, सीओ जितेंद्र कुमार, दारौंदा सीओ पूनम दीक्षित, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, सचिव पीपी रंजन द्विवेदी, अधिवक्ता अखिलेंद कुमार सिंह, शक्तिशरण, अंशु सिंह आदि उपस्थित थे।

## डोरीगंज दवा दुकान पर एक किशोर की मौत को लेकर प्राथमिकी दर्ज, दुकानदार दंपति आरोपित

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डोरीगंज बाजार स्थित बोलबम मेडिकल स्टोर पर गुरुवार को एक किशोर की इलाज के क्रम मे मौत हो जाने के मामले मे प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है ।इस संबंध मे मृतक 10 वर्षीय सुजय कुमार के बड़े भाई मढ़ौरा थाना क्षेत्र के बहुआरा पट्टी ननफर निवासी विक्की कुमार ने स्थानीय थाने मे एक प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमे कहा गया है कि मै अपने भाई सुजय कुमार के साथ अपनी बहन के घर डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही आए हुए थे ,जहाँ मेरे भाई सुजय कुमार को अचानक बुखार एवं कान दर्द करने लगा।जिसके बाद मै अपने जीजा सिट्टु कुमार के साथ सुजय को लेकर डोरीगंज बोलबम मेडिकल स्टोर पर पहुंचें तो दवा दुकान छोटेलाल चौरसिया बोले की दवा से नहीं होगा, सुई देना पड़ेगा और उसको सुई दे दिए। जिसके कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गयी ।जब हमलोग पूछने लगे की आपने कैसा सुई दिया की मेरे भाई की मौत हो गयी जिसके बाद दुकानदार छोटेलाल चौरसिया एवं उनकी पत्नी किरण देवी बकझक करने लगे और दुकान का शटर बन्द कर दिए। जिसके बाद हमलोगो ने थाने को सूचना दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस के साथ शव को लेकर थाना पर आई।प्राथमिकी में छोटेलाल चौरसिया एवं उनकी पत्नी किरण देवी को अभियुक्त बनाने की मांग की गयी है। बताया गया कि गलत दवा देने से हुई मौत का मामला यहां पूर्व में भी कई बार हो चुकी है, लेकिन अधिकांश मामले मैनेज हो जाते थे।स्थानीय लोगों की माने तो बोलबम मेडिकल हाल में ऐसे अनगिनत मामले आए होंगे जिसको दवा दुकानदार द्वारा अपने रसुख के बल पर मैनेज कर लेता था।अभी एक साल पहले का ही मामला था, जिसमे चिरांद के एक युवक की मौत गलत दवा से हो गई थी, जिसपर लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया था ।लेकिन वह भी मामला पैसे के बल पर मैनेज हो गया।लेकिन इस बार वैसा नही हो सका।

# समारोहपूर्वक मना गृह रक्षा वाहिनी का 78वां स्थापना दिवस

**सिवान :** बिहार गृह रक्षा वाहिनी का 78वां स्थापना दिवस शुक्रवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। शुक्रवार की सुबह झंडोतोलन कर निरीक्षक पवन कुमार मिश्र व गृहरक्षा वाहिनी के जवानों ने सलामी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निरीक्षक ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन के सदस्य अल्प संसाधनों का उपयोग करते हुए विधि व्यवस्था संधारण, सामाजिक सद्भाव, एवं सुव्यवस्था कायम रखने में पुलिस बल के साथ कंधा से कंधा मिलाकर अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं, साथ ही अग्निशमन एवं बाढ़ सुरक्षा जैसे आपदा प्रबंधन के अपने कर्तव्यों को पूरा करते हैं। निर्वाचन के समय शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान संपन्न कराने में भी गृह रक्षा वाहिनी ने हमेशा सराहनीय कार्य किया है। इस दौरान होमगार्ड जवानों ने पिछले एक साल के दौरान ड्यूटी की जिम्मेवारी निभाते हुए बलीदानी साथियों को श्रद्धांजलि दी। स्थापना दिवस पर जुटे होमगार्ड के जवानों ने डयूटी में त्याग और बलिदान को पहली प्राथमिकता देते हुए सामूहिक संकल्प लिया। मौके पर दिनेश सिंह, विक्रमा सिंह, दिलनवाज अहमद, राकेश कुमार सिंह, ददन प्रसाद, सत्येंद्र मिश्रा, मंटु ठाकुर, निशा कुमारी सहित दर्जनों गृहरक्षक मौजूद रहे।

# हथियार व शराब के साथ चार बदमाश गिरफ्तार, कार जब्त

**सिवान :** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित जंक्शन के सामने चाय दुकान के समीप एक कार से हथियार व शराब के साथ चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान आंदर थाना क्षेत्र के भावराजपुर निवासी साहब हुसैन, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया निवासी फैसल इमाम, शेख मशरूफ व मो नेहाल अली के रुप में हुई है। पुलिस इनके पास से एक पिस्टल, दो जिन्दा गोली व चार बोतल शराब बरामद की है। वहीं चारों बदमाशों से पूछताछ के बाद जेल भेजा दिया गया। मामले में नगर थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि रात्रि गश्त के क्रम गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग हथियार के साथ कार में सवार होकर में जंक्शन के पास हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जंक्शन के सामने चाय दुकान के पास खड़ी एक कार की जांच की गई। जांच के दौरान कार में सवार सभी युवकों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान किसी के द्वारा सही बात नहीं बताई गई। इसके बाद कार की गहनतापूर्वक तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से एक पिस्टल, दो गोली व चार बोतल शराब बरामद हुआ। वहीं कार में सवार चारों युवकों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। वहीं पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। साथ ही कार को जब्त कर लिया गया है।

# पुलिस टीम पर हमला मामला में हुई प्राथमिकी

**सिवान :** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में पांच दिसंबर को बाइक चोर का पीछा कर रही पुलिस टीम पर शरारती तत्वों ने हमला बोल दिया था। इसमें तीन अवर निरीक्षक घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच कर प्राथमिकी कर ली है। इसके बाद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसपी अमितेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दिनांक छह दिसंबर को एक प्रमुख समाचार पत्र दैनिक जागरण में प्रसारित संवाद रघुनाथपुर थाना के संबंध में था। इस संबंध में रघुनाथपुर अंतर्गत चोरी की बाइक थाना क्षेत्र के राजपुर मटिया स्थित राम जानकी मंदिर के पीछे से बरामद करने के दौरान कुछ शरारती तत्वों के द्वारा पुलिस बल पर हमला किया गया। इसमें तीन पुलिस पदाधिकारी एवं एक चौकीदार सहित कुल चार पुलिस बल घायल हो गए।

## दुकान पर फायरिंग मामले में दो माह बाद पुलिस के हाथ खाली

**सिवान:** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर स्थित एक टावर के पास 17 अक्टूबर की देर शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। इस दौरान दुकान बंद कर रहे हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सूरापुर निवासी देवचंद मांझी को हाथ में गोली लग गई थी। इस मामले में घायल के फर्द बयान पर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी हुई थी। वहीं अंधाधुंध फायरिंग का सीसी फुटेज भी सामने आया था, लेकिन घटना के दो माह होने को है अभी तक पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी दूर उनकी पहचान तक नहीं कर सकी। पुलिस के हाथ खाली है। बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से दुकान मालिक व स्टाफ में दहशत है। बता दें कि गोली से घायल मजदूर के हाथ को भेदती हुई निकल गई थी।

## पछुआ हवा ने बढ़ाई कनकनी, पूरे दिन रही मध्यम धूप

**सिवान:** दिसंबर के पहले सप्ताह से ही बढ़ी ठंड का असर देखने को मिल रहा है। पछुआ हवा के प्रकोप के कारण बढ़ी कनकनी से जनजीवन प्रभावित है। इस कारण शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा दिखने लग रहा है। शाम होते ही लोग अपने अपने घरों का रुख कर ले रहे हैं। हालांकि गुरुवार को पूरे दिन धूप निकलने से लोगों को ठंड कम महसूस हुआ। लेकिन शुक्रवार को ठंड से राहत मिलने की उम्मीद को उस समय झटका लगा, जब पूरे दिन एक तरह से मध्यम धूप ही लोगों को कुछ देर के मिली।

## घरेलू विवाद को लेकर हुई मारपीट, पांच आरोपित

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के गाजियापुर गांव में चार दिसंबर को घरेलू विवाद को लेकर दो पट्टीदारों के बीच हुई मारपीट में मां- बेटा घायल हो गए। इस मामले में घायल पुत्र मिथिलेश पांडेय ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर पड़ोसी हरेंद्र पांडेय, उसकी पत्नी उषा देवी, पुत्र विवेक पांडेय,आयुष पांडेय व गोलू पांडेय को आरोपित किया है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर ही है।

## मारपीट मामले में पांच आरोपित

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के मीरजुमला गांव में 29 नवंबर की शाम बाबा बाजार से घर जा रही महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस मामले में घायल महिला भुनेश्वर यादव की पत्नी रीता देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही संजय प्रसाद, पंकज कुमार, विकास कुमार सहित पांच लोगों को आरोपित किया है।

## बच्चों के साथ हुई मारपीट मामले में चार नामजद

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव में गुरुवार को खेलने के दौरान बच्चों के साथ हुई मारपीट को लेकर थाना में प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में वकील सिंह के आवेदन पर गांव के ही उधो सिंह, पत्नी सुमन देवी, पुत्री लालसा कुमारी व पुत्र विशाल कुमार को आरोपित किया गया है। उसने अपने पौत्र दीपांशु कुमार व दिव्यांशु कुमार को खेलते समय मारपीट कर दाब से वार कर घायल कर देने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिलाओं से 75 हजार रुपए के आभूषण की छिनतई बक्सर में बदमाशों ने 80 हजार रुपए कैश लूटे



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर में गुरुवार शाम नगर थाना क्षेत्र के गोलंबर पर झांसा देकर महिलाओं से गहने और नगदी लेकर बदमाश भाग गए। घटना टाटा मोटर्स और हुंडई शोरूम के सामने की है।

फिल्मी अंदाज में एक परिवार को निशाना बनाते हुए 75 हजार रुपए के आभूषण और 80 हजार रुपए नगद की लूट हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पीड़ित राजेश सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शादी के लिए आभूषण खरीदकर बलिहार गांव लौट रहे थे।

कार में उनके साथ परिवार की दो महिलाएं भी थी। गोलंबर पर पहुंचने पर दो युवक उनकी कार को रोक कर यह कहने लगे कि उनकी गाड़ी से मोबिल गिर रहा है। समस्या का पता लगाने के लिए जैसे ही राजेश सिंह कार से नीचे उतरे, अपराधियों ने मिर्च पाउडर जैसा स्प्रे छिड़क दिया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, बाइक सवार युवकों ने महिलाओं के हाथ से आभूषण से भरा बैग और पर्स में रखे 80 हजार रुपए लूट लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई है। नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि 75 हजार के गहने और नगदी लेकर भागने की सूचना मिली है। पीड़ित परिवार ने बताया कि घर में शादी की तैयारी के लिए बक्सर आए थे। घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है। घटना ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने की मांग की है।

# पूर्णिया में दो बाइक में टक्कर, 2 की मौत

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में गुरुवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां दो बाइक की जबरदस्त टक्कर हुई। हादसा इतना जबरदस्त था कि न सिर्फ बाइक के परखच्चे उड़ गए, बल्कि दोनों बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला गंगेली एनएच 31 नेशनल हाईवे पर हुई। इधर घटना की सूचना जैसे ही मृतकों के परिजनों तक पहुंची चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची मरंगा थाना की पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर दोनों लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है। हादसे में जान गंवाने वाले बाइक सवार युवकों की पहचान हरदा पंचायत के फरियानी चौक निवासी विजय सहनी के बेटे सुंदर कुमार सहनी 24 के रूप में हुई है, जबकि दूसरे की पहचान फुलवरिया निवासी भूषण प्रसाद सिंह के बेटे संजीव कुमार सौरव 42 के रूप में की गई है। वहीं इस हादसे में सोनू नाम का एक किशोर घायल है। मृतक के मृतक संजीव कुमार सौरव के चाचा बिमल कुमार सिंह ने बताया कि भतीजा संजीव शादी का सामान लेने अपने घर फुलवरिया से पूर्णिया जा रहा था कि गंगेली पंचायत के नया टोला गंगेली एनएच-31 पर दो बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। मृतक सुंदर कुमार सहनी डीलक्स बाइक से था जबकि संजीव कुमार सौरव का हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर चला रहा था। इस भीषण हादसे में न सिर्फ बाइक के परखच्चे उड़ गए, बल्कि दोनों ने मौके पर ही तड़पककर दम तोड़ दिया।